डॉ० बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 27.02.2025 को 12:30 बजे अपराह्न में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अन्तर्गत डी०पी०आर० परामर्शी के साथ की गयी समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

उपस्थितिः–

1. श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग।
2. निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग।
3. श्री गोपाल कृष्ण ठाकुर, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग।
4. श्री समीर कुमार, नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, ग्रामीण कार्य विभाग।
5. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष), ग्रामीण कार्य विभाग।
6. श्री बरुण कुमार, नोडल पदाधिकारी,मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं राज्य योजना (नाबार्ड), ग्रामीण कार्य विभाग।
7. सभी कार्यपालक अभियंता (वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम)
8. सभी संबंधित डी०पी०आर० परामर्शी।

ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा क्रियान्वित महत्वपूर्ण योजनाओं यथाः– ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष) एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना अन्तर्गत डी०पी०आर० परामर्शी द्वारा डी०पी०आर० तैयार किये जाने का कार्य Mobile App के माध्यम से किया जा रहा है, समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गयेः–

1. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क (अवशेष) योजना के नोडल पदाधिकरी द्वारा बताया गया कि कुल लक्षित 2177 डी०पी०आर० में से 2112 डी०पी०आर० संबंधित कार्य प्रमंडल को समर्पित किया गया है। शेष 65 डी०पी०आर० का प्राक्कलन विभिन्न डी०पी०आर० परामर्शी द्वारा लम्बित है।

2. समीक्षा के क्रम में निम्नलिखित डी०पी०आर० परामर्शी का डी०पी०आर० के भुगतान लम्बित हैः–

(i) Flexicon Engineers & Planner Private Limited के प्रतिनिधि श्री शशि द्वारा बताया गया कि उनका MR 3054 द्वारा निर्मित डी०पी०आर० का भुगतान अभी तक लंबित है जिसपर उन्हें निदेशित किया गया कि लंबित भुगतान के संबंधित निर्माण किये गये डी०पी०आर० से संबंधित Affidavit समर्पित किया जाये। जिसके आलोक में संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

(ii) Infrastructure Engineers Services के प्रतिनिधि श्री उमैर द्वारा बताया गया कि उनका MR 3054 द्वारा निर्मित डी०पी०आर० भुगतान अभी तक लंबित है जिसपर उन्हें निदेशित किया गया कि लंबित भुगतान के संबंधित निर्माण किये गये डी०पी०आर० से संबंधित Affidavit समर्पित किया जाये। जिसके आलोक में संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

(iii) Rankine Techno Consultancy Private Limited के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि उनका MR 3054 द्वारा निर्मित डी०पी०आर० भुगतान अभी तक लंबित है जिसपर उन्हें निदेशित किया गया कि लंबित भुगतान के संबंधित निर्माण किये गये डी0पी0आर0 से संबंधित Affidavit समर्पित किया जाये। जिसके आलोक में संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

(iv) A AND A Consulting Engineer के प्रतिनिधि श्री अखिलेश द्वारा बताया गया कि उनका PMGSY-III योजना अंतर्गत तैयार किये गये डी०पी०आर० का Traffic Survey का भुगतान अभी तक लंबित है जिसपर उन्हें निदेशित किया गया कि लंबित भुगतान के संबंधित निर्माण किये गये डी०पी०आर० से संबंधित Affidavit समर्पित किया जाये। जिसके आलोक में संबंधित नोडल पदाधिकारी द्वारा भुगतान सुनिश्चित किया जाय।

सभी डी०पी०आर० परामर्शी को लंबित भुगतान के संबंध में Affidavit समर्पित करने का निदेश दिया गया साथ ही संबंधित नोडल पदाधिकारी को भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

3. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी द्वारा बैठक में आधा–अधूरी जानकारी दिये जाने एवं दिग्भ्रमित करने के कारण बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील), नियमावली 2005 के तहत स्पष्टीकरण प्राप्त कर, प्रपत्र–क गठित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

4. समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना हेतु निम्न निदेश दिये गयेः–

(i) डी०पी०आर० परामर्शी ACPL Global Pvt. Ltd. को लंबित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 28.02.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(ii) डी०पी०आर० परामर्शी M/s Mahamaya Consultants को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 05.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(iii) डी०पी०आर० परामर्शी Subudhi Technoengineers Pvt. Ltd. को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 04.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(iv) डी०पी०आर० परामर्शी Namonarayan Consultants Pvt Ltd. को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 04.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(v) डी०पी०आर० परामर्शी CEOMA CONSULTING PRIVATE Ltd. को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 03.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(vi) डी०पी०आर० परामर्शी A AND A Consulting Engineer को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 02.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(vii) डी०पी०आर० परामर्शी Lord Krishna Consulting Private Limited को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 01.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(viii) डी०पी०आर० परामर्शी Super Star Designer Pvt.Ltd को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 01.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(ix) डी०पी०आर० परामर्शी Rankine Techno Consultancy Private Ltd. को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 04.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

(x) डी०पी०आर० परामर्शी Flexicon Engineers & Planner Private Ltd. को लम्बित सभी डी०पी०आर० को दिनांक 02.03.2025 तक उपलब्ध कराया जाय।

शेष सभी डी०पी०आर० परामर्शी को बैठक में डी०पी०आर० समर्पित करने की तिथि इंगित करते हुए शपथ पत्र समर्पित करने एवं निर्धारित तिथि में सभी डी०पी०आर० समर्पित करने का निदेश दिया गया।

5. समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, पुर्णिया द्वारा बताया गया कि डी०पी०आर० परामर्शी Namonarayan Consultants Pvt Ltd. द्वारा समर्पित पुल के एक डी०पी०आर० में Hydrological Data संलग्न नही किया गया है। इस क्रम में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि डी०पी०आर० परामर्शी के विरूद्व अनुशासनिक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करें।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

Rajender 28.2.2025

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग।

ज्ञापांक– 889 पटना, दिनांक– 28.02.2025

**प्रतिलिपि :–**

1. माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ।
2. सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं सभी डी०पी०आर० परामर्शी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Rajender 28.2.2025

(डॉ० बी० राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।